I. सही विकल्प चुनें।

Q.1 निम्न को प्राथमिक क्षेत्र कहा जाता है। *[BSEB 2021, 2018, 2017, 2014]*

(क) सेवा क्षेत्र (ख) कृषि क्षेत्र (ग) औद्योगिक क्षेत्र (घ) इनमें से कोई नहीं

Q.2 इनमें कौन-से देश में मिश्रित अर्थव्यवस्था है ?

(क) अमेरिका (ख) चीन (ग) भारत (घ) इनमें से कोई नहीं

Q.3 भारत में योजना आयोग का गठन कब किया गया था ? *[BSEB 2019, 2017]*

(क) 15 मार्च, 1950 (ख) 15 सितम्बर, 1950 (ग) 15 अक्टूबर, 1951 (घ) इनमें से कोई नहीं

Q.4 जिस देश का राष्ट्रीय आय अधिक होता है वह देश कहलाता है। *[BSEB 2018, 2017]*

(क) अविकसित (ख) विकसित (ग) अर्द्ध-विकसित (घ) इनमें से कोई नहीं

Q.5 इनमें से किसे पिछड़ा राज्य कहा जाता है ? *[BSEB 2020, 2018, 2015]*

(क) पंजाब (ख) केरल (ग) बिहार (घ) दिल्ली

**Answers**

1. (ख) 2. (ग) 3. (क) 4. (ख) 5. (ग)

II. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।

Q.1 भारत अंग्रेजी शासन का एक ............... था।

Q.2 अंग्रेजों ने भारतीय अर्थव्यवस्था का ............... किया।

Q.3 अर्थव्यवस्था आजीविका अर्जन की ............... है। *[BSEB 2011]*

Q.4 द्वितीयक क्षेत्र को ............... क्षेत्र कहा जाता है।

Q.5 आर्थिक विकास आवश्यक रूप से ............... की प्रक्रिया है।

Q.6 भारत में आर्थिक विकास का श्रेय ............... को दिया जा सकता है।

Q.7 आर्थिक विकास की माप करने के लिए ............... को सबसे उचित सूचकांक माना जाता है।

Q.8 साधनों के मामले में धनी होते हुए भी बिहार की स्थिति ............... है।

Q.9 बिहार में ............... ही जीवन का आधार है।

Q.10 बिहार के विकास में ............... एक बहुत बड़ा बाधक है।

**Answers**

1. उपनिवेश 2. शोषण 3. प्रणाली 4. औद्योगिक 5. परिवर्तन
6. नियोजन 7. प्रति व्यक्ति आय 8. दयनीय 9. कृषि 10. बाढ़

CS CamScanner

[BSEB 2020, ...

**Q.1 अर्थव्यवस्था किसे कहते हैं ?**

**उत्तर :** अर्थव्यवस्था एक ऐसा तंत्र या ढ़ाँचा है जिसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की आर्थिक क्रियाएँ सम्पादित की जाती हैं। जैसे- कृषि, उद्योग, व्यापार, बैंकिंग, बीमा, परिवहन, संचार आदि। प्रत्येक अर्थव्यवस्था दो प्रमुख कार्य संपादित करती है-

→ मनुष्य की जरुरतों की पूर्ति के लिए अनेक प्रकार की वस्तुओं एवं सेवाओं का उत्पादन और

→ लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करना।

[BSEB 2016]

**Q.2 मिश्रित अर्थव्यवस्था क्या है ?**

**उत्तर :** मिश्रित अर्थव्यवस्था पूँजीवादी एवं समाजवादी का मिश्रण होती है। मिश्रित अर्थव्यवस्था में उत्पादन के साधनों का स्वामित्व सरकार तथा निजी व्यक्तियों के पास होता है। उत्पादों का मूल्य निर्धारण निजी एवं सरकार दोनों द्वारा ही किया जाता है। वर्तमान समय में भारत में मिश्रित अर्थव्यवस्था लागू है।

**Q.3 सतत् विकास क्या है ?**

**उत्तर :** सतत् विकास का अर्थ है कि विकास पर्यावरण को बिना नुकसान पहुँचाए हो और वर्तमान विकास की प्रक्रिया भविष्य की पीढ़ियों की आवश्यकता की अवहेलना न करे।

[BSEB 2018, 2016]

**Q.4 आर्थिक नियोजन क्या है ?**

**उत्तर :** आर्थिक नियोजन का आशय एक ऐसी प्रक्रिया से है, जिसमें एक निर्धारित अवधि में सुनिश्चित एवं स्पष्ट लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु आर्थिक संसाधनों का उपयोग किया जाता है। इस प्रकार कहा जा सकता है कि आर्थिक नियोजन में दो बातें जरूरी होती हैं-

I. पूर्व निर्धारित लक्ष्य जिन्हें प्राप्त किया जाना है।

II. निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु उपलब्ध साधनों तथा उनके उपयोग करने का ब्यौरा।

**Q.5 मानव विकास रिपोर्ट (Human Development Report) क्या है ?**

**उत्तर :** संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा प्रकाशित मानव विकास रिपोर्ट विभिन्न देशों की तुलना लोगों के शैक्षिक स्तर, उनकी स्वास्थ्य स्थिति और प्रति व्यक्ति आय के आधार पर करती है। मानव विकास रिपोर्ट (HDI) तीनों सूचकांकों का औसत होता है। 2020 के मानव विकास रिपोर्ट में 189 देशों में भारत का स्थान 131 वां था।

**Q.6 आधारित संरचना (Infrastructure) पर प्रकाश डालें।**

**उत्तर :** आधारित संरचना का मतलब उन सुविधाओं तथा सेवाओं से है जो देश के आर्थिक विकास के लिए सहायक होते हैं। जैसे- बिजली, परिवहन, संचार, बैंकिंग, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल आदि। किसी देश के आर्थिक विकास में आधारित संरचना का महत्वपूर्ण स्थान होता है। जिस देश का आधारित संरचना जितना अधिक विकसित होगा, वह देश उतना ही अधिक विकसित होगा।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**Q.1 अर्थव्यवस्था की संरचना(Structure of Economy) से क्या समझते हैं? इन्हें कितने भागों में बाँटा गया है?**

[BSEB 2015]

**उत्तर :** अर्थव्यवस्था की संरचना का मतलब विभिन्न उत्पादन क्षेत्रों में इसके विभाजन से है। किसी भी अर्थव्यवस्था में अनेक प्रकार की वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन होता है। जैसे- कृषि, व्यापार, पशुपालन, बैंकिंग, परिवहन, संचार, उद्योग आदि। सभी आर्थिक क्रियाओं को तीन भागों में बाँटा गया है-

I. **प्राथमिक क्षेत्र :** इसके अंतर्गत कृषि, मत्स्य पालन, पशुपालन, खनन आदि जैसे आर्थिक क्रियाओं को शामिल किया जाता है।

II. **द्वितीयक क्षेत्र :** इसके अंतर्गत निर्माण उद्योग, बिजली उत्पादन आदि को शामिल किया जाता है।

III. **तृतीयक क्षेत्र :** इसके अंतर्गत व्यापार, बैंकिंग, बीमा, परिवहन, संचार आदि को शामिल किया जाता है।

**Q.2 आर्थिक विकास क्या है ? आर्थिक विकास तथा आर्थिक वृद्धि में अंतर बताएँ।** [BSEB 2014, 2012]

**उत्तर :** आर्थिक विकास एक ऐसी अनवरत प्रक्रिया है जिसके परिणामस्वरुप देश के समस्त उत्पादन साधनों का कुशलतापूर्वक प्रयोग होता है। इसमें राष्ट्रीय आय और प्रतिव्यक्ति आय में निरंतर एवं दीर्घकालीन वृद्धि होती है। आर्थिक विकास को परिभाषित करते हुए 'मेयर एवं बॉल्डविन'



CamScanner

ने लिखा है, "आर्थिक विकास एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें दीर्घकाल में अर्थव्यवस्था की वास्तविक राष्ट्रीय आय में वृद्धि होती है।"
आर्थिक विकास एवं आर्थिक वृद्धि में निम्नलिखित अंतर है-

| आर्थिक विकास | आर्थिक वृद्धि |
|---|---|
| यह एक राष्ट्र में जीवन की गुणवत्ता के समग्र विकास को संदर्भित करता है, जिसमें आर्थिक विकास शामिल है। | यह किसी विशेष अवधि में किसी राष्ट्र के मौद्रिक विकास में वृद्धि को संदर्भित करता है। |
| यह आर्थिक वृद्धि की तुलना में एक व्यापक अवधारणा है। | यह आर्थिक विकास की तुलना में एक संकुचित अवधारणा है। |
| यह एक लंबी अवधि की प्रक्रिया है। | यह एक अल्पकालिक प्रक्रिया है। |
| इसमें मात्रात्मक और गुणात्मक दोनों परिवर्तन होते हैं। | इसमें केवल मात्रात्मक परिवर्तन होता है। |
| आर्थिक विकास शब्द का प्रयोग विकासशील अर्थव्यवस्था के संदर्भ में किया जाता है। | आर्थिक वृद्धि शब्द का प्रयोग विकसित देशों के संदर्भ में किया जाता है। |

**आर्थिक विकास की माप कुछ सूचकांकों द्वारा करें।**

**उ.** आर्थिक विकास की माप निम्नलिखित सूचकांकों के माध्यम से किया जा सकता है-

I. राष्ट्रीय आय II. प्रति व्यक्ति आय III. मानव विकास सूचकांक

**I. राष्ट्रीय आय (National Income)**

किसी देश में एक वर्ष की अवधि में उत्पादित सभी वस्तुओं एवं सेवाओं के मौद्रिक मूल्य के योग को राष्ट्रीय आय कहा जाता है। जिस देश का राष्ट्रीय आय ज्यादा होता है वह देश विकसित कहलाता है और जिस देश का राष्ट्रीय आय कम होता है वह देश अविकसित कहलाता है।

**II. प्रति व्यक्ति आय (Per Capita Income)**

विभिन्न देशों के बीच तुलना के लिए प्रति व्यक्ति आय का भी सहारा लिया जाता है। विश्व बैंक की विश्व विकास रिपोर्ट 2017 के अनुसार जिस देश की प्रति व्यक्ति आय US$ 12,056 प्रति वर्ष या उससे अधिक है, उसे समृद्ध देश और वे देश जिनकी प्रति व्यक्ति आय US$ 1045 प्रति वर्ष या उससे कम है, उसे निम्न आय वाला देश कहा गया है।

**III. मानव विकास सूचकांक**

यह आर्थिक विकास को मापने का एक महत्वपूर्ण सूचकांक है। यूएनडीपी (UNDP) द्वारा प्रकाशित मानव विकास रिपोर्ट विभिन्न देशों की तुलना लोगों के शैक्षिक स्तर, उनकी स्वास्थ्य स्थिति और प्रति व्यक्ति आय के आधार पर करती है। वर्ष 2020 के मानव विकास सूचकांक में नार्वे को प्रथम स्थान तथा भारत का 131वां स्थान प्राप्त था। जिस देश का रैंक जितना कम होता है उसे अधिक विकसित माना जाता है।

CamScanner